# सरकार गिराने या बनाने के लिए मंत्री और विधायक बिकते हैं : डॉ. चंद्रभान

- **राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम की ओर से आयोजित ''मीडिया का बदलता परिवेश'' परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में बोले बीसूका उपाध्यक्ष**
- **आजकल अवसरवादी नेता भी उसी महापुरुष को पूछते हैं, जो उन्हें वोट दिला सकते हैं : कृष्ण कल्पित**

**जयपुर।** राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम की तरफ से रविवार को राजधानी के पिंकसिटी प्रेस क्लब ऑडिटोरियम में मुंशी प्रेमचंद की स्मृति में ''मीडिया का बदलता परिवेश'' पर परिचर्चा और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं बीसूका के उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रभान सिंह रहे, जिन्होंने स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता पर जोर देते हुए कहा कि समय के साथ-साथ हर क्षेत्र में बदलाव हुआ है और होना भी चाहिए इसलिए मीडिया भी इससे अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले की पत्रकारिता सरकार बनाने और गिराने में अपनी अहम भूमिका निभाती थी जबकि अब ऐसा देखने को नहीं मिलता क्योंकि अब सरकार बनाने और गिराने के लिए जब विधायक और मंत्री तक बिक जाते हैं तो अपना परिवार चलाने के लिए पत्रकारों को भी कई बार अपनी खबरों के साथ समझौता करना पड़ता है।

डॉ.चंद्रभान ने अपने पुराने अनुभवों को साझा करते हुए राजनीतिक संघर्ष के बारे में भी बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बोडा ने कहा कि समय के साथ हर चीज में बदलाव आता रहता है इसलिए मीडिया का परिवेश भी पहले से बहुत हद तक अब बदल चुका है। इसका मुख्य कारण आज के दौर की नई तकनीके हैं, जिनका इस्तेमाल करना पत्रकार और पत्रकारिता के लिए बहुत जरूरी है। इनसे पहले कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम के संस्थापक अध्यक्ष अनिल सक्सेना ने अपने मन की बात रखते हुए कहा कि फोरम का मुख्य उद्देश्य युवा पत्रकारों छोटे-छोटे गांव एवं शहरों से जुड़े कलम के सिपाहियों को आगे लाना है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके गुरु स्व. वीर सक्सेना से मिली सीख की बदौलत उन्होंने वर्ष 2011 में फोरम की शुरुआत की थी और अभी तक राजस्थान राज्य के कई शहरों में फोरम के कार्यक्रम कराएं जा चुके हैं। उन्होंने इस सोच व उद्देश्य के साथ कार्यक्रम कराएं हैं कि आने वाले समय में पत्रकारिता जगत से जुडा युवा सकारात्मक मानसिकता के साथ जनहित में अपनी कलम की धार को चलाए।

वहीं कार्यक्रम की रूपरेखा का प्रारम्भिक परिचय देते हुए विनोद भारद्वाज ने कहा कि पहले की पत्रकारिता और अब की पत्रकारिता में बहुत से उतार-चढाव आए हैं और आज हर कोई व्यक्ति खुद में एक पत्रकार है। साथ ही स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति हर एक नागरिक को मिली हुई है। चाहे वो सोशल मीडिया के जरिए ही क्यों न हो बस निर्भर यह करता है कि आप उसका सदउपयोग कर रहे हैं या दुरुपयोग। उन्होंने कहा कि आज हर गली मौहल्ले या गांव कस्बे की समस्या का निवारण इंसान स्वयं कर सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अथितियों में उपस्थित सीएम के ओएसडी फारुख अफरीदी ने कहा कि आज के युग में कॉर्पोरेट सेक्टर का पत्रकारिता में सहभागिता होने की वजह से पत्रकारिता से आमजन का विश्वास उठने लगा है। साहित्यकार लोकेश कुमार साहिल ने कहा कि आज जो कुछ भी अच्छा हो रहा है, वह भारत के आजादी से किए हुए अच्छे कार्यों का ही नतीजा है। लेखक कृष्ण कल्पित ने कहा कि आजकल अवसरवादी नेता भी उसी महापुरुष को पूछते हैं, जो उन्हें वोट दिला सकते हैं। आज के अखबारों में और पत्रकारिता में संपादक की भूमिका बिल्कुल समाप्त हो गई है। साथ ही वर्तमान में साहित्य ने भी पत्रकारिता से दूरी बना ली है। सोशल मीडिया के द्वारा आजकल सब कुछ हो रहा है और प्रिंट मीडिया अपनी विश्वसनीयता खोता जा रहा है।

पिंकसिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश मीणा ने कहा कि समय-समय पर पत्रकारिता में परिवर्तन होता आया है। कोरोना काल में भी देखा गया कि डिजिटल मीडिया के माध्यम से ही पत्रकारिता ज्यादा हावी रही। इस कार्यक्रम के जरिए उन्होंने पत्रकारों के साथ ही साहित्यकारों के लिए भी सरकारी सुविधाओं की मांग की। कार्यक्रम में राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम से जुड़े उल्लेखनीय कार्य करने के मनोज सोनी, चंदन मिश्रा, अमित चेचानी, संदीप माली, गिरीश पालीवाल, हेमंत साहू, मोरध्वज सिंह, अशोक लोढा, आशा पांडे, नेट थिएट नेक्स्ट एरा थिएटर टीम सहित अन्य प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ पत्रकार राधारमण शर्मा ने आभार व्यक्त किया। पिंक सिटी प्रेस क्लब की ओर से अध्यक्ष मुकेश मीणा और कार्यकारिणी सदस्यो ने फोरम के अध्यक्ष का सम्मान भी किया।

# बड़ों को प्रणाम करने से बढ़ता है आयु और बल : डॉ. कल्ला



**आजादी के अमृत महोत्सव में झालाना स्थित संस्कृत अकादमी संकुल में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को शिक्षा मंत्री बी.डी.कल्ला ने प्रमाण पत्र वितरित किये।**

**जयपुर।** संस्कृत अकादमी में विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय संस्कार-संस्कृति शिविर के तीसरे और अन्तिम दिन स्वतन्त्रता आन्दोलन और युवा तथा मीडिया, सोशल मीडिया और युवा विषय पर जाने माने पत्रकार और लेखक यशवन्त व्यास, जन सम्पर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक गोविन्द पारीक ने अपने विचार रखे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला थे। ये आयोजन झालाना स्थित अकादमी संकुल में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत कला एवं संस्कृति विभाग, राजस्थान संस्कृत अकादमी, राजस्थान ललित कला अकादमी, राजस्थान सिंधी अकादमी एवं करुणा संस्थान के संयुक्त तत्त्वावधान में किया जा रहा है। तीन दिवसीय समारोह में चित्रकला प्रतियोगिता, रामायण आधारित प्रश्नमाला और महाभारत आधारित प्रश्नमाला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। समापन पर तीनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं को डॉ. बी.डी. कल्ला ने प्रमाण पत्र वितरित किए।

डॉ. बी.डी. कल्ला ने अपने उद्बोधन में बडों को प्रणाम किए जाने की महत्ता पर रोशनी डालते हुए कहा कि जो अपने से बडों को प्रणाम करता है उससे उसकी आयु और बल स्वतः ही बढ जाते हैं। अगर हम अपने जीवन में आचार्य देव भव, पित्र देवो भव और मात्र देवो भव का भाव जगा लें तो हमारे जीवन की अनेक कठिनाईयां स्वतः ही समाप्त हो सकती है।

उन्होंने कहा इनसान के जीवन में सत्य ही सबसे बड़ा धर्म है। मोबाइल के अनावश्यक बढ़ते दुरूप्योग के के प्रति उन्होंने वहां मौजूद बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि मोबाइल के अनावश्यक इस्तेमाल से बच्चे कई तरह की विकारों और बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों को 12वीं कक्षा तक मोबाइल नहीं देने की सलाह दी। कल्ला ने कहा कि इसके बाद बच्चा स्वतः ही परिपक्व हो जाएगा और मोबाइल का सही इस्तेमाल करने का अभ्यस्त हो जाएगा।

चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता सारिका राणा, विनायक घोचक, सीमा मण्डल, रोसी जयकुमार और राज पारीक रहे। वहीं रामायण आधारित प्रश्नमाला प्रतियोगिता में आयुष ढोकवाल, पिंकी कुमारी बैरवा, कार्तिकेय शर्मा, ईशान झाला, रोशनी बलाई और महाभारत आधारित प्रश्नमाला प्रतियोगिता में संयुक्ता पापड़ीवाल, नेहा महावर, अनूप जाटव, सम्यक जैन और भार्गवी विजेता रहे।

# संस्कार व्यक्तिगत और सामाजिक चेतना जाग्रत करते है : सासंद बोहरा

**जयपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव और मोदी सरकार के 8 वर्ष सेवा सुशासन को लेकर जयपुर संसदीय क्षेत्र में मनाये जा रहे सेवा सप्ताह के तीसरे दिन सांसद रामचरण बोहरा ने आदर्श विद्या मंदिर अम्बावाडी जयपुर में पहुंचे। उन्होंने सेवा भारती द्वारा जयपुर शहर में संचालित 30 बाल संस्कार केन्द्रों के बच्चों के लिये निःशुल्क शिक्षा सामग्री वितरित करते हुए कहा कि यह केन्द्र संस्कार, व्यक्तिगत और सामाजिक चेतना को जाग्रत करने के साथ विशेष शिक्षण से की व्यवस्था से उनको समाज के योग्य बनाता है।

जयपुर सासंद रामचरण बोहरा ने अग्रसेन सर्किल पर महाराजा अग्रसेन जी एवं पूर्व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री जनसंघ के समय से वरिष्ठ नेता स्व. सतीशअग्रवाल की प्रतिमा पर कार्यकताओं के साथ माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की इसके बाद अजमेर रोड स्थित ईएसआई हॉस्पिटल में वृक्षारोपरण कर स्वच्छता एवं सुरक्षा कर्मियों का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया, कार्यक्रम के दौरान मरीजों के हाल जानते हुए उनको फल वितरण किये कर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।



**आजादी के अमृत महोत्सव और मोदी सरकार के 8 वर्ष सेवा सुशासन को लेकर मनाये जा रहे सेवा सप्ताह के तीसरे दिन सांसद रामचरण बोहरा ने आदर्श विद्या मंदिर अम्बावाड़ी जयपुर में संबोधित किया।**

कार्यक्रम उपरान्त खातीपुरा स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के साथ राष्ट्र के उन्नित की प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम की अध्यर्क्षेता नवल बगाड़िया के द्वारा की गई एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट में बनेगा 500 बैड का आईपीडी टावर

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर स्थित महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट में सुविधाएं बढ़ाने के लिए कुल 117 करोड़ रुपये व्यय के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री की स्वीकृति से महिला चिकित्सालय में लगभग 85.57 करोड़ रुपये लागत से 500 बैड का आईपीडी टावर और 21.43 करोड़ रूपये लागत से 100 कमरों का नवीन स्नातकोत्तर छात्रावास का निर्माण होगा। यहां करीब 10 करोड़ रूपये के चिकित्सकीय उपकरण खरीदे जाएंगे। प्रस्ताव के अनुसार, आईपीडी टावर में 50 बैड का आईसीयू, 6 मॉडयूलर ओटी तथा भूमिगत पार्किंग का निर्माण भी कराया जाएगा।

गहलोत ने अतिरिक्त बजट प्रावधान के संबंध में चिकित्सा शिक्षा विभाग को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की इमरजेंसी कोविड रेस्पांस पैकेज (ईसीआरपी)-2 में स्वीकृत राशि का उपयोग किए जाने की भी स्वीकृति दी है। उल्लेखनीय है कि श्री गहलोत द्वारा बजट 2022-23 में महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट में विभिन्न विकास कार्य कराए जाने की घोषणा की थी।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने गांवों में जाकर समस्याओं का किया निराकरण

- **पूनिया तीन दिवसीय विधायक जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आमेर में लगभग 36 घंटे गावों-ढाणियों में आमजन से करेंगे संवाद**
- **कूकस में चाय की दुकान पर आमजन व कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना**

**जयपुर।** विधायक जनसंवाद कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने आज अपने आमेर विधानसभा क्षेत्र में गांवों ढाणियों में पहुंचकर जनसुनवाई की, जिसमें आमजन की समस्याओं को सुनकर त्वरित निदान किया। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ही सतीश पूनियां ने आमेर के कूकस में मुकेश शर्मा की चाय की दुकान पर आमजन व कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। आज 26 जून से लेकर 28 जून तक निरंतर तीन दिवसीय विधायक जनसंवाद कार्यक्रम के तहत डॉ. पूनियां लगभग 36 घंटे आमेर में जनसुनवाई कर जनसमस्याओं का निराकरण करेंगे।

बता दें कि जयपुर में जनसंवाद कार्यक्रम, प्रदेशभर के संगठनात्मक प्रवास कार्यक्रमों के साथ ही प्रत्येक महीने अपने आमेर विधानसभा में डॉ. पूनियां के नियमित जनसंवाद के कार्यक्रम रहते हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ. पूनियां जयपुर स्थित अपने जनसंवाद केन्द्र पर जयपुर रहने के दौरान प्रतिदिन सुबह 08 से दोपहर 11 बजे तक जनसुनवाई कर प्रदेशभर के आमजन व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हैं। डॉ. पूनियां ने आज जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आमेर के नांगल सुसावतान, कूकस, छापराड़ी, खोरामीणा, ढंड, एवं लबाना इत्यादि गावों में पहुंचकर जनसमस्याओं का निराकरण किया, साथ ही विकास कार्यों का निरीक्षण किया, अन्य जरूरी विकास कार्यों के बारे में विभिन्न गांवों में ठाामवासियों से चर्चा कर जल्द पूरा कराने को कहा। डॉ. पूनियां ने संबोधित करते हुये कहा कि, आमेर का विकास आमेर परिवार के सब लोगों के परिश्रम और आशीर्वाद से संभव हो रहा है। आमेर परिवार के आशीर्वाद और अपनापन से ही आपके साथ कदम से कदम मिलाकर आमेर की विकास यात्रा में नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, बिजली इत्यादि तमाम क्षेत्रों के विकास में आमेर की नई पहचान बनी है, और इसी संकल्प के साथ आमेर के विकास को आगे बढ़ाते हुये पूरे राजस्थान में आमेर की नई पहचान बन रही है, जिसको हम और आगे बढ़ायेंगे। डॉ. पूनियां के साथ इस दौरान जयपुर देहात उत्तर जिला अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, प्रधान बद्रीनारायण बागड़ा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भगवान शर्मा सहित स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

27 जून को डॉ. पूनियां आमेर के अचरोल, जैतपुर खींची में सुबह 8 से 11 बजे तक, सुबह 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक चिताणु, जुगलपुरा, दोपहर 1 से 2.30 बजे तक कांट, सांगावाला, स्यारी, बान्यावाला, सायं 3 से 4 बजे तक सालडवा, चंदवाजी, पीलवा, सायं 4.30 बजे 5.30 बजे तक अरणिया, कंवरपुरा, हरचंदपुरा, सायं 6 से 7 बजे तक श्यामपुरा, चांदावास, कुशलपुरा इत्यादि गावों में जनसंवाद करेंगे।

# पायलट जब जहर उगलेंगे तो सरकार के तबाह होने की संभावना प्रबल हो जाएगी : राठौड़

**जयपुर।** उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि अब कांग्रेस का अंतर्द्वंद और अपमान की राजनीति चरम पर है। मुख्यमंत्री ने 5 साल से ज्यादा समय तक कांग्रेस का नेतृत्व करने वाले पीसीसी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को कभी नकारा, निकम्मा व गद्दार कहा तो कभी बिना रगड़ाई के पद पाने पर तंज कसा।

राठौड़ ने कहा कि अब हदें पार हो गई जब मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री के सहारे से अपने धुर विरोधी सचिन पायलट को निशाने पर लेकर सरकार गिराने के षड्यंत्र का मुख्य सूत्रधार ही बता दिया। अगर मुख्यमंत्री के पास प्रमाण हो तो सचिन पायलट के विरुद्ध एसीबी में दायर 3 मुकदमों पर कार्रवाई क्यों नहीं करवाते? राठौड़ ने कहा कि कुछ दिन पूर्व कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी ने सचिन पायलट के धैर्य की तारीफ क्या कर दी, इससे गुस्साए मुख्यमंत्री पायलट के सरकार गिराने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाकर सीधे-सीधे कांग्रेस नेतृत्व को ही चुनौती दे डाली। नीलकंठ बने हुए पायलट जब जहर उगल जायेंगे तो सरकार के तबाह होने की संभावना प्रबल हो जायेगी।

# माही परियोजना के कार्यों के लिए 545 करोड़ रुपए की मंजूरी

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बांसवाड़ा जिले में माही परियोजना के नहरी तंत्र/वितरिकाओं के सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार के विभिन्न कार्य करवाने के लिए 545 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की हैं।

इस कार्य से लगभग 80 हजार हैक्टेयर भूमि के सिंचाई जल की दक्षता में वृद्धि होगी। बांसवाड़ा जिले की तहसील बांसवाड़ा, घाटोल, गढ़ी, आनंदपुरी, बागीदौरा, तलवाड़ा, अरथुना में स्थित परियोजना के कमांड क्षेत्र में स्थित किसानों को लाभ मिलेगा।

# चांदना ने तैयारियों का जायजा लिया

**जयपुर,** (का.सं.)। खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री अशोक चांदना ने रविवार को जनपथ स्थित युवा आवास परिसर का दौरा कर 27 जून को होने वाले शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को बेहतर व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

खेल राज्य मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सोमवार को राजीव गांधी यूथ एक्सीलेंस सेंटर का शिलान्यास करेंगे। यूथ हॉस्टल का विस्तार होने से युवाओं को उत्कृष्ट सुविधाएं मुहैया हो सकेगी, जिससे राज्य के प्रतिभाशाली युवा, एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट व गाईड, खिलाड़ी एवं साहसिक खिलाड़ियों आदि का सर्वांगीण विकास किया जा सकेगा।

# कीर्तन अरदास का आयोजन किया

**जयपुर।** सुखमनी सेवा सोसायटी, बनीपार्क की ओर से प्रसिद्ध समाजसेवी टिम्मी कुमार के आवास पर सुखमनी साहिब पाठ, कीर्तन व अरदास का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्थान की पूर्व पर्यटन मंत्री, बीना काक एवं शहर के कई अन्य व्यक्ति शामिल हुए। इस अवसर पर काक ने कहा कि यह अपनी अन्तरात्मा की खोज करने वाला बहुत ही प्रभावी कार्यक्रम था।

# भूपेश ने राज्य में नए आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने का अनुरोध किया



**महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने रविवार को जयपुर के एक होटल में महिला एवं बाल विकास के तहत 8 वर्षों में अर्जित उपलब्धियों पर आयोजित जोनल मीट का उद्घाटन किया।**

**जयपुर,** (का.सं.)। महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने केंद्र के समक्ष राज्य की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए नए आंगनबाड़ी केंद्रों को खोलने की स्वीकृति देने की मांग की। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना तथा उड़ान योजना के लिए भी केन्द्र सरकार से सहयोग की अपेक्षा की।

भूपेश रविवार को जयपुर के एक होटल में महिला एवं बाल विकास के तहत 8 वर्षों में अर्जित उपलब्धियों पर आयोजित जोनल मीट को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुंजीपारा महेन्द्रभाई की उपस्थिति में केंद्र सरकार से आग्रह किया कि राज्य में 5 हजार नवीन आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि राज्य की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए केन्द्र सरकार नए आंगनबाड़ी खोलने की अनुमति दे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाया गया है, लेकिन केंद्र द्वारा उसी अनुपात में अंशदान नही दिया जा रहा है। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा 68 प्रतिशत का अंशदान दिया जा रहा है तथा केंद्र द्वारा मात्र 32 दिया जा रहा है। जबकि केन्द्र द्वारा 60 प्रतिशत का अंशदान देय है। उन्होंने मानदेय कर्मियों हेतु राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवायी जा रही अतिरिक्त राशि का 60 प्रतिशत अंशदान केन्द्र सरकार के स्तर से वहन किये जाने का आग्रह किया।

# आमजन से एक करोड़ रुपये ठग चुका अफ्रीकन बदमाश दिल्ली से गिरफ्तार



**जयपुर** (कासं)। मुहाना थाना पुलिस ने एक करोड़ रुपए से अधिक की साइबर ठगी करने के आरोप में अफ्रीकन नागरिक बाउंडिलाई निवासी बेन अली दियारा को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस 2 बदमाशों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से आधा दर्जन स्वैप मशीन, दो दर्जन एटीएम, डेबिट कार्ड व दो दर्जन फर्जी बिल बुक जप्त की है।

डीसीपी साउथ मृदुल कच्छावा ने बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा आमजन को विदेशी सामान सस्ते दामों पर बेचने के नाम पर सोशल मीडिया एप्स के माध्यम से झांसे में लेकर ठगी की वारदातें हो रही है।

अपराधियों की धरपकड़ के लिए टीम का गठन किया गया था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त भरत लाल मीणा के निर्देशन व सहायक पुलिस आयुक्त हरिशंकर के सुपरविजन में थानाधिकारी मुहाना लखन सिंह खटाना की टीम ने यह कार्रवाई की। परिवादी हरदयाल ने 20 मई 2021 को मुहाना पुलिस थाना में रिपोर्ट दी थी कि साइबर ठग ने खुद को एलीका निवासी रोमानिया किमडॉन होना बताकर उसे महंगा विदेश मोबाइल सस्ते दामों में बेचने का झांसा दिया गया। आरोपियों ने फर्जी बिल परिवादी को व्हाट्सएप करके, एयरपोर्ट से डिलीवरी लेने के लिए कस्टम ड्यूटी जमा करवाने के नाम पर 25 हजार 500 रुपए खाते में जमा करवा लिए। बाद में डिलीवर किए जाने वाले पार्सल में विदेशी करेंसी होने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी की वारदात की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी बाउंडिलाई निवासी बेन अली दियारा हाल निवासी संत नगर बुरारी दिल्ली, दिल्ली स्थित कृष्णापुरी तिलक नगर निवासी सौरभ चौहान व कमल लोहट को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रहीं है।

## सार-समाचार

### चिकित्सा व परामर्श शिविर आयोजित

**जयपुर,** (कासं)। प्राकृतिक चिकित्सा एवम सुजोक थैरेपी अपनाने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए हेल्थ एजुकेशन एवं लव फॉर पीपल सोसायटी व संग अर्श सामाजिक सेवा समिति द्वारा समाज निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श कैम्प लगाया गया। डॉ.दीपाली वार्ष्णेय अग्रवाल ने बताया कि कोरोना महामारी के वक़्त प्राकृतिक चिकित्सा बहुत ही कारगर रही। बढते प्रदूषण के कारण बार बार ऐसी स्तिथि ना आये इसके लिए प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाएं, प्रकर्ति के करीब आएं। डॉ. दीपाली ने साथ ही लोगों को सुजोक थेरेपी भी दी, काफी ज्यादा संख्या में लोगों ने कैम्प में आकर लाभ प्राप्त किया। हेल्प्स के अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी व संग अर्श के अध्यक्ष दीपक सिंघल ने बताया कि उन्होंने एक जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसके तहत वो पूरे जयपुर मे हर वार्ड में ऐसी कैम्प लगाएंगे और लोगों को प्राकतिक चिकित्सा अपनाने के लिए जागरूक करेंगे। इस मिशन में इनकी पूरी टीम प्रशांत गुप्ता, नेहा, निशिकांत गुप्ता, रेणु श्रीवास्तव, आयुष शर्मा, आशीष सोनी, दिव्यम अग्रवाल, तनिष्क अग्रवाल, डॉ कुलदीप और पंकज सैनी सहयोग कर रहे हैं। कैम्प्स की इस कडी में ये पांचवां कैम्प है जो सी 19 आईसीआईसी के पीछे खादी कॉलोनी बजाजनगर में विक्रम खेतान और कुलदीप शर्मा के सहयोग से रखा गया। कैम्प में करीब 125 लोगो का इलाज किया गया। इनमें सर्वाइकल, घुटने के दर्द, फैटी लिवर, डायबटीज़, थायराइड, डिप्रेशन, मोटापा, गैस के पेशेंट्स का इलाज किया गया,साथ ही उनको खान पान का तरीका और हल्दी, अजवाइन, मैथी, जीरा आदि के औषधिय गुण और लेने का तरीका बताया गया।साथ ही प्रकर्ति के करीब कैसे रहें व दिनचर्या कैसी होनी चाहिए इसके बारे में जानकारी दी।

### बच्ची से बाइक सवार ने की छेड़छाड़

**जयपुर** (कासं)। शहर के प्रताप नगर इलाके में 12 साल की बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। गार्डन के पास खेलते समय बाइक सवार ने उससे छेड़छाड़ की। इस पर बच्ची ने घर से बाहर जाना बंद किया। आखिरकार मां के पूछने पर बच्ची ने आपबीती सुनाई। इस पर परिजनों ने प्रताप नगर थाने में छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस अज्ञात बाइक सवार की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर के सेक्टर-8 निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में बताया कि उसकी 12 साल की बच्ची से एक बाइक सवार युवक ने छेड़छाड़ की है। घटना के मुताबिक, 13 जून को उसकी बेटी घर के पास स्थित गार्डन में खेलने गई थी। दोपहर करीब 3 बजे गार्डन में खेलकर घर आने के लिए निकली। गार्डन से बाहर निकलते ही एक बाइक सवार युवक उसके पास आकर रूका। बाइक सवार ने बच्ची के साथ छेडछाड़ की। शोर मचाने पर बाइक लेकर आरोपी वहां से भाग निकला। घर पर गुमशुम रहने और बाहर नहीं जाने पर मां को शक हुआ। मां ने दबाव बनाकर बच्ची से पूछा तो उसने बाइक सवार की करतूत के बारे में बताया। गुस्साए परिजनों ने शुक्रवार को थाने जाकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस वारदातस्थल के आसपास लगे फुटेजों को खंगालने के साथ बाइक सवार दरिंदे की तलाश कर रही है।

### ड्रग्स के दुष्परिणामों के बारे में बताया

**जयपुर** (कासं)। जयपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने की ओर से शास्त्री नगर इलाके में स्थित भट्टाबस्ती में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर के अगद तंत्र विभाग द्वारा नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में यह एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन शास्त्री नगर की भट्टा बस्ती में किया गया। शिविर में सौ से अधिक मरीजों ने परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयों का फायदा लिया। इस अवसर पर निःशुल्क दवाईयां, मनोवैज्ञानिक परामर्श तथा ड्रग्स के दुष्परिणामों के बारे में बताकर ड्रग्स का सेवन न करने के लिए जागरुक भी किया गया। शिविर में संस्थान के डॉ. अनिता, डॉ. अमोल, डॉ. दिनेश कुमावत, डॉ. रिंकेश, डॉ. रहीश, डॉ. नारायण एवं डॉ. किशोर दास ने भाग लिया।